दिन–सोमवार दिनांक– 19/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज समृद्धि यात्रा के दौरान सीतामढ़ी और शिवहर जिले का दौरा कर रहे हैं। श्री कुमार ने सीतामढ़ी के बेलसंड में आयोजित कार्यक्रम में तीन सौ छियालीस करोड़ रुपये की लागत वाली इकतालीस योजनाओं का शिलान्यास और दो सौ आठ करोड़ रुपये से अधिक की छब्बीस योजनाओं का उद्घाटन किया। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने जिले में चल रही विभिन्न विकासात्मक और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी की। वहीं हमारे शिवहर संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान जिले में बयालीस करोड़ रुपये की लागत वाली पचहत्तर योजनाओं का उद्घाटन और सत्रह करोड़ रुपये की अट्ठाईस योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने जीविका दीदियों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण भी किया।

———————————————————

प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में आज से जनसुनवाई की शुरूआत हो रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर सात निश्चय तीन के तहत सबका सम्मान, जीवन आसान लक्ष्य को लेकर हरेक सोमवार और शुक्रवार को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल, जिला, प्रमंडल और राज्य सचिवालय में आम लोग संबंधित पदाधिकारी से उनके कार्यस्थल या कार्यालय कक्ष में मिलकर अपनी समस्याएं बता सकेंगे। पटना जिला प्रशासन ने जनसुनवाई के लिए अपराह्न एक बजे से तीन बजे तक का समय निर्धारित किया है। इधर, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान लोगों से प्राप्त शिकायतों का संधारण किया जाएगा और किन शिकायतों पर क्या कार्रवाई हुई, इसकी सतत निगरानी की जाएगी।

———————————————————

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पार्टी पर विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को लेकर देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। नई दिल्ली में श्री चौहान ने कहा कि मनरेगा के तहत कांग्रेस द्वारा दिए गए अधिकार केवल कागजों तक ही सीमित रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने विचारों, विचारधारा और आदर्शों को त्याग दिया है और देश के विकास या गरीबों के कल्याण से उसका कोई लेना–देना नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह अधिनियम पूरे देश में लागू होगा और प्रत्येक ग्राम पंचायत इसके दायरे में आएगी। श्री

चौहान ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम एक सौ पच्चीस दिनों का मजदूरी रोजगार सुनिश्चित किया गया है। इससे पहले मनरेगा में सौ दिनों का रोजगार मिलता था।

————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए आज नामांकन भरे जाएंगे। पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी और सांसद के. लक्ष्मण द्वारा जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन दोपहर दो बजे से चार बजे के बीच दाखिल किए जा सकते हैं। पूरी चुनाव प्रक्रिया नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में होगी। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का इस पद के लिए निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है।

————————————————————

पटना के शंभू हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रही छात्रा की मौत के मामले में गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि सरकार की ओर से पुलिस को पूरी छूट दी गयी है। पटना में संववाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि एसआईटी अपना काम कर रही है। श्री चौधरी ने कहा कि जो भी दोषी होगा उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जायेगी। इधर, इस मामले में राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोग में दो अलग–अलग याचिका दायर की गई है। दूसरी ओर, कांग्रेस पार्टी ने पटना में विरोध प्रदर्शन कर सरकार से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कृष्णा अल्लावरु और राजेश राम भी शामिल हुए।

————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते ठंड में कमी आई है। हालांकि पछुआ हवा के प्रभाव से सुबह और शाम के समय अभी भी कनकनी का एहसास हो रहा है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन दिनों तक मौसम के रूख में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। वहीं, राज्य के उत्तर–पूर्व और उत्तर–मध्य भागों के जिलों में सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की सम्भावा है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान छह दशमलव दो डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।